# डसॉल्ट एकेटीयू को हब बनाकर युवाओं को देगी प्रशिक्षण

## जुलाई तक शुरू होगा सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, कंपनी के प्रतिनिधियों ने विवि में दिया प्रजेंटेशन

अमर उजाला ब्यूरो

**लखनऊ।** लड़ाकू विमान बनाने वाली फ्रांस की कंपनी डसॉल्ट सिस्टम्स डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विवि (एकेटीयू) में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस खोलेगी। इसमें वह विवि को हब बनाकर प्रदेशभर के युवाओं को इंडस्ट्री की मांग के अनुसार प्रशिक्षण देगी। सेंटर जुलाई तक शुरू करने पर सहमति बनी है।

सेंटर के लिए बृहस्पतिवार को एकेटीयू कुलपति प्रो. जेपी पांडेय की अध्यक्षता और इन्वेस्ट यूपी के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में कंपनी के प्रतिनिधि राजा शेखर स्वामी ने प्रस्तुतीकरण (प्रजेंटेशन) दिया। उन्होंने विवि से सेंटर के लिए 5000 स्क्वायर फीट जगह मांगी। स्वामी ने बताया कि लगभग 240 करोड़ के इस प्रोजेक्ट में वे तीन सालों में करीब पांच हजार युवाओं को हाईड्रोजन, इलेक्ट्रिकल व्हीकल, एयरोस्पेस और डिफेंस इंडस्ट्री के लिए रिसर्च प्रोजेक्ट, स्टार्टअप और एडवांस स्किल, एआई, इंटरनेट ऑफ थिंग्स का प्रशिक्षण देंगे। इस पर कुलपति प्रो. जेपी पांडेय ने कहा कि प्रशिक्षण के लिए युवाओं की संख्या 10 हजार करने की जाए।

स्वामी ने कहा कि कंपनी विवि को हब के रूप में विकसित करेगी। इसके बाद प्रदेश भर के संबद्ध संस्थानों के छात्रों को जोड़कर प्रशिक्षण देगी। प्रशिक्षण से आईटीआई, पॉलीटेक्निक के छात्रों को भी जोड़ा जाएगा ताकि ज्यादा से ज्यादा युवा प्रशिक्षित होकर रोजगार पा सकें।

उन्होंने बताया कि यहां प्रशिक्षण पाने वाले युवाओं को डिफेंस कॉरिडोर में अवसर मिलेगा। इस दौरान एसोसिएट डीन इनोवेशन डॉ. अनुज शर्मा, इनवेस्ट यूपी के एजीएम रितेश सक्सेना, इनोवेशन हब की मैनेजर वंदना शर्मा भी मौजूद रहीं।

**एकेटीयू कुलपति प्रो. जेपी पांडेय की अध्यक्षता और इन्वेस्ट यूपी के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में डसॉल्ट के अधिकारियों के साथ बृहस्पतिवार को बैठक हुई। -विवि**

### स्टार्टअप प्रदर्शनी ने युवाओं को किया आकर्षित

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार के आठ साल पूरे होने पर इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विवि (एकेटीयू) ने प्रतिभाग करते हुए स्टार्टअप प्रदर्शनी लगाई थी। इनोवेशन हब की ओर से लगाई गई प्रदर्शनी ने युवाओं को काफी आकर्षित किया इनोवेशन हब से जुड़े स्टार्टअप फ्यूचर गुरुकुल प्राइवेट लिमिटेड को लोगों ने खूब सराहा। स्टार्टअप ने अपने इनोवेशन, रोबोटिक्स किट आदि उपकरणों के साथ प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। ब्यूरो